## न्यूज कार्नर

### खरमास में प्रारंभ नहीं होंगे मांगलिक कार्य

**जागरण, सीहोर।** खरमास 16 दिसंबर मंगलवार से प्रारंभ होगा, जब सूर्यदेव धनु राशि में प्रवेश करेंगे, और यह 14 जनवरी 2026 बुधवार को मकर संक्रांति के साथ समाप्त होगा, खरमास की अवधि में सभी मांगलिक कार्य सगाई, विवाह, यज्ञोपवीत संस्कार,गृह प्रवेश आदि अन्य शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं। धनु राशि में प्रवेश करेंगे सूर्यदेव- पंडित गणेश शर्मा के अनुसार ग्रहों के राजा सूर्य 16 दिसंबर 2025 मंगलवार के दिन वृश्चिक राशि से निकलकर धनु राशि में गोचर करेंगे। इसे धनु संक्रांति भी कहा जाता है क्योंकि सूर्य धनु राशि के लग्न भाव में गोचर करेंगे और करीब एक माह तक रहेंगे। खरमास के दिनों में सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करते हैं। इसके साथ ही बृहस्पति देव का प्रभाव कम हो जाता है। वहीं बृहस्पति यानी गुरु ग्रह को शुभ कार्यों का कारक माना जाता है। विवाह के लिए शुक्र और गुरु दोनों का उदय होना आवश्यक होता है। अगर दोनों में से एक भी अस्त रहेगा, तो शुभ व मांगलिक कार्यों को करने की मनाही होती है 13 दिसंबर से शुक्र देव 2 फरवरी तक अस्त रहेंगे जो की वैवाहिक दांपत्य जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण होते हैं। पंडित गणेश शर्मा के अनुसार शास्त्र अनुसार सनातन धर्म में खरमास में मांगलिक कार्य करना वर्जित माना गया है।

### शिव शक्ति मंडल की बैठक आयोजित

**जागरण, सीहोर।** स्वर्णकार समाज धर्मशाला में शिव शक्ति सांस्कृतिक महिला मंडल के द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय के सरंक्षक में समाजसेविका अरूणा सुदेश राय के मार्गदर्शन में बैठक का आयोजन किया गया। भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर शिव शक्ति सांस्कृतिक मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा ने बैठक का शुभारंभ किया। सर्व सहमति से शिव शक्ति सांस्कृतिक मंडल की पुरानी कार्यकारिणी को भंग करते हुए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। सदस्यों की मांग पर शिव शक्ति सांस्कृतिक महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति सोनी को चुना गया। बैठक में भाजपा नेता शंकरलाल शर्मा,सेवा यादव और दीपक राठौर की विशेष उपस्थिति में आगामी 14 दिसंबर से सिंधी कॉलोनी मैदान पर आयोजित होने वाली श्रीमद भागवत कथा और भजन सांध्या की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

### 21 सूत्रीय मांगों पर एकजुटता का आह्वान

**जागरण, सीहोर।** करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर के नेतृत्व में जन क्रांति न्याय यात्रा' निकाली जाना है। इसके लेकर शनिवार को सीहोर तहसील की बैठक का आयोजन किया गया। रविवार को आष्टा और इछावर तहसील में बैठक का आयोजन किया जाना है। यह यात्रा आगामी 21 दिसंबर को हरदा में 21 सूत्रीय मांगों को लेकर होने वाले %जन क्रांति न्याय आंदोलन' के लिए सर्व समाज को एकजुट करने और आह्वान करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। आज की बैठक में करणी सेना परिवार के जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह चौहान ने सीहोर ब्लाक के आए सभी पदाधिकारियों को संबोधित किया। वहीं आभार सतपाल सिंह सौलंकी ने व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि करणी सेना की 21 सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से हरदा लाठीचार्ज की न्यायिक जांच, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और झूठे प्रकरण वापस लेने की मांग शामिल है। आरक्षण को पूर्णत- आर्थिक आधार पर लागू करने की मांग की गई है।

पूरब से चल रही हवाओं की गति 2 से 3 किमी प्रतिघंटा, कोहरे की बढ़ी संभावना

# ठंड का प्रकोप बढ़ा, न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री पहुंचा और होगी गिरावट

**जागरण, सीहोर। भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )।** दिसम्बर के पहल सप्ताह से ही पढ़ने लगी कड़ाके की ठंड ने लोगों को ठिठुरने को मजबूर कर दिया है लोगों का ठंड को भगाने के लिए गर्म कपड़े, रजाई और अलाव का सहारा ले रहे हैं। लगातार बढ़ रही ठंड से लोगों की दिनचर्या भी बदलती जा रही है। पूर्व से चल रही दो से तीन किमी घंटे की रफ्तार वाली हवाओं ने कोहरे के आसार निर्मित कर दिए हैं। कोहरा पड़ने पर न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी ही वहीं दिन के तापमान में भी दो से तीन डिग्री सेल्सियस गिरावट के आसार बन रहे हैं। ऐसे में ठंड से बचने के लिए लोगों को एहतिआत तो बरतना ही होगी वहीं बुजुर्ग बच्चों का ध्यान रखना भी जरूरी होगा। वर्तमान में तापमान में गिरावट से रबी सीजन में बोई गई फसलों को काफी फायदा पहुंच रहा है। किसानों को अपनी फसलों में सिंचाई करते रहना चाहिए।



### ठंड ने दिखाए तेवर

नवम्बर माह में मौसम उतार चढ़ाव वाला रहा लेकिन दिसम्बर शुरु होते ही ठंड अपने शबाव पर आने लगी जिससे लोगों को ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े, अलाव और रजाइयों का सहारा लेना पड़ा वहीं जिला अस्पताल की आपीडी में भी सर्दी जुकाम से पीड़ित मरीजों की संख्या सर्वाधिक दर्ज होने लगी। ऐस में चिकित्सकों की सलाह यह है कि लोगों को ठंड से बचने के लिए पर्याप्त गर्म कपड़ों में ही घर से बाहर निकलना चाहिए वहीं छोटे बच्चों और बुजुर्गो सूर्यउदय और सूर्यास्त के बाद घर से बाहर न ही जाने दें। तो उनकी सेहत के लिए ज्यादा बेहतर होगा। जरूरी होने पर ही पर्याप्त गर्म कपडों में ही घर से बाहर निकलें।

### और गिरेगा तापमान, बढ़ेगी ठंड

आरएके कॉलेज स्थित मौसम केन्द्र के तकनिकी कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर ने जागरण को बताया कि वर्तमान में पूर्व की ओर से ठंडी हवाएं चल रही है जिससे दिन ओर रात के तापमान गिरावट दर्ज हो रही है वहीं दो से तीन किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही धीमी हवाओं के कारण रविवार की सुबह कोहरा बनने का अनुमान केन्द्र पर मिल रहा है। हालाकि रविवार से हवाओं की गति चार से पांच किमी प्रतिघंटा हो जाने के कारण ठंड का प्रकोप भी बढ़ेगा, वहीं न्यूनतम तापमान ओर अधिक नीचे जाने के आसार दिखई दे रहे हैं।

### लगभग 20 स्थानों पर जलेंगे आलाव

नगर पालिका अध्यक्ष पिंस राठौर जागरण को बताया कि बीते दो तीन दिनों से ठंड का प्रकोप काफी तेज हो चुका है ऐसे में नगर पालिका शहर के प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थानों, तथा जिला अस्पताल, बस स्टेंड और रेल्वे स्टेशन सहित गरीब बस्तियों नें ठंड से राहत मिल सके इसे ध्यान में रखते हुए शहर के लगभग 20 स्थानों पर अलाव जलाने के लिए लकड़ी की व्यवस्था नगर पालिका की ओर से कराई जाउगी इसके अतिरिक्त अलाव के लिए लकड़ियों की मांग की जाएगी वहा पर भी लकड़ियां पहुंचाई जावेगी, ताकि लोग ठंड से बच सकें।

# 48 घंटे के अंदर पुलिस ने लुटेरों को किया गिरफ्तार




**जागरण, सीहोर।** 02 अज्ञात व्यक्तियों ने कुबेरेश्वरधाम के पास बस में आवाज देकर सूचनाकर्ता एवं उसके मित्र को नीचे उतारा तथा बस को रवाना कर पीड़ितों को एक निर्माणाधीन इमारत के पीछे ले जाकर मारपीट की तथा सूचनाकर्ता की जेब से 30 हजार एवं रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन जबरदस्ती छीन लिया, जिस पर थाना मण्डी ने तत्काल विवेचना में लिया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मण्डी, निरीक्षक सुनील मेहर व टीम द्वारा मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लूट के अज्ञात लुटेरों को आज़ाद नगर एवं खजराना, इंदौर से हिरासत में लिया गया, जिन्होंने पूछताछ में अपराध करना स्वीकार किया है।

मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लूट के अज्ञात लुटेरों को गिरफ्तार कर, माल-मशरूका एक रियलमी कंपनी का मोबाईल, 7200/- रूपये नकदी, घटना में प्रयुक्त पाईप जप्त किया गया एवं मोटर सायकिल जप्ती हेतु आरोपीगण को माननीय न्यायालय के समक्ष पुलिस रिमाण्ड हेतु पेश किया गया। मोहम्मद मोहसिन पिता मोहम्मद शकील, निवासी ङ्क तमन्ना सर्विस सेंटर के पास, खजराना, इंदौर आदिल पठान पिता युसुफ पठान, उम्र 21 वर्ष, निवासी 64 अंसारी बाग, मस्जिद वाली गली, पालदा, इंदौर, थाना भंवरकुआ, जिला इंदौर (म.प्र.) को निरीक्षक सुनील मेहर, उनि. राकेश कुमार पंथी, सउनि. जगदीश मर्सकोले, प्रआर 140 उमेश वर्मा, प्रआर 569 सचिन सिंह जाट, प्रआर 258 शैलेन्द्र सिंह (साइबर सेल), आर 736 नेपाल सिंह,आर 664 कृष्णपाल सिंह, आर चालक 309 अबू शामिल रहे।

### सप्तशक्ति कार्यक्रम संपन्न

**सीहोर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर मंडी में सप्तशक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ अंजू अग्रवाल सक्षम जिला अध्यक्ष, शोभा चांडक सप्तशती संगम कार्यक्रम जिला संयोजक, शालिनी महेश्वरी मातृशक्ति समन्वय जिला संयोजक, राधा सैनी,स्ढ्ढ रेनम आहूजा विद्यालय की प्रधानाचार्य कृष्णा राठौर एवं संचालन समिति के सदस्य नूतन राठौर दीदी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पूजन अर्चन कर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता शोभा चांडक दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सप्त गुणों से अलंकृत नारी अपनी शक्तियों का प्रयोग कर श्रेष्ठ एवं संस्कारित पी ?ी का निर्माण करें। आज संयुक्त परिवार की महती आवश्यकता है इसके अभाव में बच्चे दादा-दादी के लाड- प्यार-दुलार और संस्कारों से वंचित रह रहे हैं हमें इस और ध्यान देना होगा।

# शुजालपुर को 112 रन से हराकर किया खिताब पर कब्जा सेन ने खेली 76 रन की पारी, हासिल किए चार विकेट चटकाए

**जागरण, सीहोर।** शुजालपुर में खेली गई क्रिकेट प्रतियोगिता में शहर की बीएसआई में पीपीसीए अकादमी के खिला ?ियों ने खिताबी मुकाबले में शुजालपुर को हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। फाइनल मैच में अकादमी की ओर से प्रतिभाशाली हरफनमौला खिलाड़ी दीपेश सेन ने 76 रन की पारी खेली, वहीं नमन ने चार विकेट हासिल किए। इस मौके पर पीपीसीए अकादमी के कोच आदर्श राय और अतुल त्रिवेदी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीपीसीए टीम ने निर्धारित 50 ओवर



में तेजी से बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट खोकर 311 रन बनाए थे। इसमें हरफनमौला खिलाड़ी दीपेश सेन ने 76 रन, इशान ने 59 रन और अंश गावा ने 55 रन बनाए थे। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी शुजालपुर की पूरी टीम 34 ओवर में सिमट गई। इस मैच में पीपीसीए की ओर से गेंदबाजी करते हुए नमन ने चार विकेट, केशवादित्य ने दो विकेट, दीपेश, नवनीत और अंश गावा ने एक-एक विकेट हासिल किया। सीहोर टीम ने शुजालपुर को उसके मैदान पर एक तरफा मुकाबले में करारी शिकस्त दी है।

# नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस में मौद्रिक नीति पर विशेष व्याख्यान



**जागरण, सीहोर।** आज वे सीहोर स्थित रविंद्र संस्कृतिक भवन टाउन हॉल शासकीय लाइब्रेरी में संचालित यूपीएससी एवं एमपीपीएससी निःशुल्क कोचिंग क्लासेज के छात्र-छात्राओं को अर्थशास्त्र पढ़ा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि हमें किसी भी विषय को तुलनात्मक रूप से पढ़ना चाहिए जिससे कि वह विषय हमें ज्यादा लंबे समय तक याद रहे साथ ही, यह भी बताया कि हमें रटने की बजाय समझने पर ध्यान देना चाहिए। इस दौरान सहायक संचालक आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा नेहा माहेश्वरी, शिक्षिका नीतू ,कविता , शिक्षक हितिश दुबे और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

तहसीलदार अमित सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को मौद्रिक नीति के साख नियंत्रण के उपकरणों जैसे की ष्ट्रक्रक्र स्स्क्र , रेपो रेट और बैंक रेट आदि के बारे में विस्तार से समझाया और इनमें अंतर को भी स्पष्ट किया। साथ ही साथ यह भी बताया कि इन उपकरणों का दैनिक जीवन में क्या प्रभाव पड़ता है और हमें इन्हें किस नजरिए से देखना चाहिए। साथ ही विगत कुछ सप्ताह से निःशुल्क कोचिंग क्लासेस में आयोजित साप्ताहिक टेस्ट में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा मंजू गौर को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित भी किया। इस निःशुल्क कोचिंग क्लासेस को संचालित करने में सुभाष मानवता विकास समिति और आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा शिक्षा समिति का महत्वपूर्ण योगदान है। उल्लेखनीय है कि सीहोर प्रशासन और आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के सहयोग से निश्शुल्क कोचिंग क्लासेस निरंतर संचालित हो रही है।

### जागरूकता अंतर्गत छात्र छात्राओं को दी जानकारी



**सीहोर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत सीहोर द्वारा ग्राहक जागरूकता एवम सायबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता शिव प्रसाद दलोद्रिया द्वारा अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की स्थापना एवम आवश्यकता तथा किए जाने वाले कार्य, अशुद्ध खाद्य पदार्थ में मिलावट की जाँच कैसे की जाए, धोखाधड़ी, सायबर अपराध के सम्बंध में जानकारी दी गई एवम मुख्य अतिथि जिला उपभोकता आयोग की सदस्य पूजा खनूजा द्वारा ग्राहक के साथ होने वाली धोखाधडी व सेवा में कमी पर उपभोक्ता आयोग में कैसे प्रकरण दर्ज कराए संबंधी प्रक्रिया से अवगत कराया गया व छात्र छात्राओ को 12 वी के बाद विषय चयन संबंधी कठिनाई के बारे में बताया गया ,कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राए मौजूद रहे।

# कलेक्टर और एसपी ने ली परेड की सलामी सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा

**जागरण, सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चन्द्रषेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर, एन.सी.सी. कैडेट्स ने डिस्ट्रिक्ट कामण्डेंट होमगार्ड सीहोर में होमगार्ड स्थापना दिवस समारोह में आयोजित परैड में अनुषासन के साथ भाग लेकर जिला सेनानी के मार्गदर्शन में जिला होमगार्ड लाइन में अनुशासन के साथ कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को सलामी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर सीहोर और विशेष अतिथि पुलिस अधीक्षक सीहोर रहे, जिन्होंने परेड की सलामी ली और जवानों का उत्साहवर्धन किया।

समारोह की शुरुआत एक अनुशासित भव्य परेड के साथ हुई। परेड का नेतृत्व प्लाटून कमांडर श्री अशोक पाटीदार ने किया, जबकि एएसआई श्री सी.एस. चंदेरिया ने टू आईसी के रूप में परेड का संपादन किया। सलामी के पश्चात् मुख्य अतिथि द्वारा होमगार्ड महानिदेशक महोदय के संदेश का वाचन किया गया, जिसे सभी जवानों ने एकाग्रता से सुना।

सन्देश वाचन के उपरांत आकर्षक



मार्चपास्ट का आयोजन किया गया, जिसमें 02 होमगार्ड प्लाटून के साथ प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चन्द्रषेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर, एन.सी.सी. कैडेट्स ने 01 सिविल डिफेंस महिला प्लाटून एवं 01 सिविल डिफेंस पुरूष प्लाटून के रूप में भाग लिया साथ ही ऑक्सफोर्ड स्कूल बैण्ड तथा एसडीईआरएफ वाहन परेड सम्मिलित हुए। सभी प्लाटूनों ने कदमताल मिलाते हुए मंच के सामने से गुजरकर सलामी दी। मुख्य अतिथि महोदय द्वारा महाविद्यालय के सिविल डिफेन्स वॉलेन्टियर कैडेट्स को स्मृति चिन्ह एवं प्रषस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 45 कैडेट्स ने परैड के उपरान्त मनोरंजक गतिविधियां रस्सा खींच एवं कुर्सी दौड़ में भाग लिया। कार्यक्रम में एन.सी.सी. कैडेट डॉ. सतीष शर्मा सहयोगी अधिकारी के नेतृत्व में सम्मिलित हुए।

# डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि पर महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**जागरण, सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में शहर के गंज स्थित अंबेडकर पार्क में शनिवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि पर महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवा ?ा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर विनम्र श्रद्धांजली उनका संघर्ष व चिंतन भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव है। एक सामूहिक श्रद्धांजलि सभा भी आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित आदि शामिल थे। उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सामाजिक समानता और संविधान के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लिया। जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और देश निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद किया।



नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहाकि बाबा साहेब ने करोड़ों शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार दिलाया। उन्होंने जोर दिया कि हमें उनके विचारों और संविधान की मर्यादा को सर्वोच्च मानकर समाज में भाईचारे और समानता को आगे बड़ाना चाहिए। इस कार्यक्रम में शहर के कई सामाजिक संगठनों और ब ?ी संख्या में नागरिकों ने भी पहुंचकर डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### डॉ. अम्बेडकर पुण्य तिथि मनाई गई

महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज में महाविद्यालय प्रबंधन एवं भोलाराम तारन बांगरे प्रतिमा स्थापना समिति के सदस्यों द्वारा बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉ.अम्बेडकर विश्व के सर्वाधिक महापुरुष है, जिन्हें ज्ञान का प्रतीक कहा जाता है। आपने एक समूदाय नही बल्कि हर समाज के महिला पुरुषों के उत्थान के लिये सर्वाधिक कार्य किया। वह एक राष्ट्रवादी महापुरुष थे। इनकी विचारधारा संविधान में सुशोभित होती है। इस मौके पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ.प्रमोद शर्मा सहित स्टाफ के सदस्य, अम्बेडकरीय महिला विचारक सहित कॉलेज की सैकड़ों छात्राऐं उपस्थित थी।

### सुरेन्द्र सिंह बने पैक्स के जिला प्रमुख

**सीहोर।** सहकार भारती की अखिल भारतीय अधिकारी प्रवास योजना के अंतर्गत सीहोर जिले में सहकार भारती की राष्ट्रीय महिला प्रमुख जलगांव महाराष्ट्र निवासी श्रीमती रेवती सिंदूरकर्णी जी का प्रवास संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित सहकार भारती सीहोर जिले की बैठक में मध्यप्रदेश के महामंत्री राकेश सिंह चौहान की उपस्थिति में आगामी कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए प्राथमिक शाख सहकारी समितियों (पैक्स) को सुदृढ़ करने का निर्णय लिया गया तथा इस हेतु ढाबला निवासी सुरेन्द्र सिंह मेवाड़ा को पैक्स का जिला प्रमुख नियुक्त किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष सुरेश बशिष्ट, सुरेश गुप्ता, राजेश गौर सहित जिला पदाधिकारी तथा तहसीलों के अध्यक्ष महामंत्री सहित कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## न्यूज कार्नर

### सामाजिक भ्रांतियों को दूर करने की पहल

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** राय साहब भंवर सिंह महाविद्यालय में विगत दिवस एड्स जागरूकता दिवस का आयोजन जागरूकतापूर्ण और शैक्षिक वातावरण में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को एचआईवी/एड्स से जुड़ी भ्रांतियों से दूर रखना, वैज्ञानिक तथ्यों से अवगत कराना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाना कॉलेज के उप प्राचार्य योगेंद्र सिंह चंदेल ने अपने वक्तव्य में एचआईवी/एड्स से जुड़े सामाजिक भ्रमों और रूढ़िवादिता को दूर करने की आवश्यकता पर जोर दिया। चंदेल ने छात्रों को सुरक्षित व्यवहार अपनाने और इस बीमारी से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदनशीलता और समर्थन का भाव रखने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि एचआईवी संक्रमण केवल असुरक्षित व्यवहार से फैलता है, न कि साथ खाने, उठने-बैठने या छूने से। जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर यह रैली प्रमुख मार्गों से गुजरी। रैली में शामिल छात्रों ने हाथों में तख्तियाँ (पोस्टर) और बैनर ले रखे थे। जिन पर एड्स की रोकथाम, सुरक्षित व्यवहार और भेदभाव नहीं, सहयोग जैसे महत्वपूर्ण नारे लिखे थे। इन नारों और पोस्टरों के माध्यम से युवाओं ने समाज को एड्स के बारे में सही और सटीक संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से आमंत्रित विशेषज्ञ वक्ताओं ने संवाद किया। उन्होंने एचआईवी/एड्स के संक्रमण के कारणों, लक्षणों, रोकथाम के प्रभावी तरीकों और वर्तमान में उपलब्ध उपचार संबंधी महत्वपूर्ण और विस्तृत जानकारी साझा की। वक्ताओं ने सवालों का समाधान किया और उन्हें बताया कि नियमित जाँच और समय पर इलाज से एचआईवी के साथ भी एक लंबा और स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है।

### क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल हुए शामिल राजस्व मंत्री

**जागरण, सीहोर।** राजस्व मंत्री श्री करणसिंह वर्मा इछावर तहसील में दीवा?या मंडल द्वारा सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विजेता खिलाड़ी टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया और उन्हें खेल प्रतियोगिताओं में बड़-चडकर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और खेल भावना को सही दिशा देने का एक बड़ा अभियान है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में खेल को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने के लिए यह महोत्सव एक महत्वपूर्ण मंच है। ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी आज यहां अपनी क्षमता दिखा रहे हैं, यही खिलाड़ी आगे चलकर जिले, प्रदेश और देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल हमें अनुशासन, एकजुटता, मेहनत और सकारात्मक सोच सिखाता है। जीत-हार खेल का हिस्सा हैं, लेकिन असली जीत उस भावना की होती है जिससे हम मैदान में उतरते हैं।

**बिना ट्रैफिक प्लान के चल रहा काम प्रशासन की मौन भूमिका पर उठ रहे सवाल**

# फोर लेन निर्माण में चरम पर अव्यवस्था, पीलीकरार के पास खोदी रोड दोनों ओर से रोज लग रहा जाम

**जागरण बुधनी।** फोर लाइन निर्माण कार्य में लगातार सामने आ रही लापरवाहियों ने शनिवार को यातायात व्यवस्था को पूरी तरह ठप कर दिया। पीलीकरार के पास खोदी रोड को दोनों तरफ से संकरा छोड़ दिया गया, जिसके कारण सुबह से ही भारी जाम की स्थिति बन गई। ट्रकों के फंसते ही दोनों दिशाओं में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोग घंटों परेशानी झेलते रहे।. ठेकेदार द्वारा बिना प्लानिंग सड़कखोद कर छोड़ दी, न संकेत बोर्ड न मार्ग-व्यवस्थास्थानीय नागरिकों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा फोर लाइन निर्माण पूरी तरह बिना प्लानिंग के चल रहा है। सड़क के दोनों ओर खोदाई कर रास्ता छोटा कर दिया गया, लेकिन ट्रैफिक डायवर्जन, अस्थायी मार्ग या संकेत बोर्ड लगाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई।ट्रकों के फंसते ही खोदी रोड ठप स्कूल बसें, ऑटो व मरीजों की गाड़ियां जाम में फंसींजाम का असर इतना बढ़ गया कि स्कूली बच्चों से भरी बसें, ऑटो और मरीजों को लेकर जा रहे वाहन भी लंबे समय तक फंसे। कुछ जगहों पर तो लोगों ने खुद हाथों से रास्ते की मिट्टी हटाकर वाहनों को निकलवाने की कोशिश की।





### उतरे और पैदल चल दिए

जाम के कारण  रोड और फोर लाइन दोनों पर ट्रैफिक कई किलोमीटर तक प्रभावित हुआ। कई यात्री वाहन छोड़कर पैदल उतर गए ताकि आगे जाकर स्थिति देख सकें। गर्मी, धूल और शोरगुल ने लोगों की परेशानी और बढ़ा द्यइंदौर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 146-बी पर बन रही इस सड़क की रफ्तार इतनी धीमी है कि कई महीनों से काम अधूरा पड़ा हैबुधनी से भेरूंदा तक चल रहे फोर लाइन सड़क निर्माण कार्य की लेट-लतीफी अब क्षेत्र के लोगों के लिए सिरदर्द बन चुकी है फोर लेंस हयात निर्माण का उद्देश्य जनता की सुविधा बढ़ाना था लेकिन ठेकेदार की लापरवाही और विभाग की अनदेखी ने से परेशानी का पर्याय बना दिया है अब जनता की मांगे की सरकार और प्रशासन इस परियोजना की जवाब दे तय करें और जल्द ही राहत दिलाए।जहां जनता को चौड़ी और मजबूत सड़क की उम्मीद थी, वहीं अब गड्ढे, धूल और जाम ने रोजमर्रा की जिंदगी मुश्किल कर दी है।

### परियोजना बनी सुस्त

ठेकेदार की लापरवाही और विभागीय चुप्पी ने इस परियोजना को सुस्त बना दिया है,और राहगीर पूछ रहे हैंकब खत्म होगा ये निर्माण, और कब मिलेगी हमें राहत नजदीकी ग्रामपीलीकरार के पास सड़क की खुदाई महीनों पहले हुई थी, लेकिन अब तक निर्माण पूरा नहीं हुआ।धूल के गुब्बारों से पूरा इलाका ढका रहता है, दुकानदार और राहगीर दोनों त्रस्त हैं।दुकानों के सामने दिनभर धूल जमा रहती है, ग्राहक लौट जाते हैं, और व्यापार बुरी तरह प्रभावित है।स्थानीय दुकानदार बताते हैं किसुबह से शाम तक दुकान के अंदर धूल भर जाती है। कई बार शिकायत की, लेकिन कोई अधिकारी यहां झांकने तक नहीं आताद्यफोर लाइन निर्माण के नाम पर सड़क का हाल बेहाल है कई जगहों पर सड़क पूरी तरह खुदी हुई है, जबकि कुछ हिस्सों में गिट्टी डालकर छोड़ दी गई है।

### जूझते हुए निकलना पड़ता है

बरसात के दौरान सड़क में कीचड़ जमा हो गया था,और अब धूप निकलते ही हवा में उड़ते धूल के गुबार लोगों का पीछा नहीं छोड़ रहे।ट्रैक्टर चालक ने बताया यह सड़क अब विकास की नहीं, परेशानी की पहचान बन गई है।सड़क निर्माण कार्य पिछले एक साल से चल रहा है, लेकिन प्रगति बेहद धीमी है।ना काम की कोई तय समयसीमा बताई जा रही है, न निगरानी के लिए अधिकारी साइट पर आते हैं।ठेकेदार की सुस्त कार्यशैली और विभाग की उदासीनता के कारण यह प्रोजेक्ट अधूरा पड़ा है।जहां काम पूरा होना चाहिए था, वहां सिर्फ मिट्टी के ढेर और टूटे पत्थर नजर आ रहे हैं सड़क किनारे बसे घरों और दुकानों में धूल इतनी भर गई है किलोगों को सांस की बीमारियों, खांसी और एलर्जी की समस्या बढ़ रही है।स्कूल जाने वाले बच्चे और बुजुर्ग इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।कई बार ग्रामीणों ने धूल रोकने के लिए पानी छिड़कने की मांग की, लेकिन स्वयं ही पानी डालना पड़ता हैस ड़क की खराब हालत से दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है।अक्सर बाइक और कार चालक गड्ढों में फंसकर गिर जाते हैं। रात के समय सड़क पर न तो लाइटें हैं और न ही चेतावनी बोर्ड, जिससे राहगीरों को भारी जोखिम उठाना पड़ता हैलखराव सड़क के कारण आवागमन और व्यापार दोनों प्रभावित हुए हैं।किसानों को अपनी उपज मंडी तक ले जाने में दिक्कत आ रही है।

#### मिट्टी के देरो ने बढ़ाई परेशानी

फोरलेन निर्माण कार्य, जो क्षेत्र के विकास की बड़ी उम्मीद था,अब लापरवाही और धीमी गति का प्रतीक बन गया है।ठेकेदार की सुस्ती और प्रशासन की खामोशी ने जनता की परेशानियों को कई गुना बढ़ा दिया है जगह जगहखोदी सड़क के कारण धूल के गुब्बारे उड़ रहे हैदो साल  हो गये अभी रोड नही बन पायी हे बुधनी से सलकनपुर के बीच में पीलीकरार  के पास  के पास तो खोदी गई  कई जगह सड़क से निकलना मुश्किल हो गया है लोगों को जहां धूल के गुब्बारे के बीच से निकलना पड़ रहा थ निर्माण कार्य से परेशान है राहगीर ठेकेदार की लापरवाही पर विभाग की अन देखी   साफ देखी जा रही है जानकारी के मुताबिक 25 अप्रैल 2023 को निर्माण एजेंसी का एग्रीमेंट होने बाद ठेकेदार  मनमर्जी से कई स्थानों पर मार्ग को खो द दिया है जबकि मार्ग से 24 घंटे लोगों का आना-जाना रहता है ऐसी स्थिति में ठेकेदार को पहले सड़क के आधे भाग को खोदना था जिसे पूरा कर दूसरी तरफ खुदाई करना थी लेकिन ऐसा नहीं किया गया जिसका खामियाजा वाहन चालकों को भोगना पड़ रहा है वर्तमान में ही चलते समय  कीचड़ से वहां फिसल  रहेहै  जिसके कारण पीछे चलने वाले लोगों को ज्यादा तकलीफ होती हैद्ययह धूल उड़ कर खेतों में  फसल को भी खराब कर रही यह धूल उड़कर खेतों में खड़ी फसल तक पहुंच रही है जिससे आसपास क्षेत्र के किसानों को भी फसल में नुकसान हो रहा है उड़ती धूल के कारण दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों  ओ डिया से  से ऊंचा खेड़ा तक वाहनों की आवाजाही भी  बुरी तरह प्रभावित हुई है।

### वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल

बसें, ट्रक और निजी वाहन अब वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करने लगे हैं।जिससे स्थानीय बाजारों की रौनक कम हो गई हैद्य जनता प्रशासन से यह मांग कर रही है किफोर लाइन सड़क निर्माण कार्य को तेजी से पूरा किया जाए औरकाम की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाए।साथ ही, धूल कम करने के लिए रोजाना पानी का छिड़काव किया जाएताकि दुकानदारों और राहगीरों को कुछ राहत मिल सकेद्यफोर लाइन सड़क निर्माण में हो रही लेट-लतीफी ने यह दिखा दिया है किविकास योजनाओं में जवाबदेही तय न हो, तो जनता ही सबसे बड़ी पीड़ित बनती है।बुधनी से भेरूंदा तक फैले इस मार्ग की हालत बताती है किअगर ठेकेदार और विभाग दोनों समय पर नहीं जागे, तो यह सड़क आने वाले महीनों तक लोगों की मुसीबत बनी रहेगी।

## मौसम का असर : बादलों का डेरा, लुढ़का पारा

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** नवम्बर माह की विदाई तक जहाँ दिन में सूरज की तपिश और शाम को हल्की गुलाबी ठंड का अहसास था, वहीं दिसम्बर माह के आगाज ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है। महीने की शुरुआत के साथ ही आसमान में बादलों ने डेरा डाल लिया है, जिससे पूरे दिन ठंडक और ठिठुरन महसूस की जा रही है। भले ही ठंड ने अभी अपना पूर्ण रौद्र रूप नहीं दिखाया है, लेकिन गिरते तापमान ने नगर वासियों और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की दिनचर्या और खान-पान में बदलाव ला दिया है। बढ़ती ठंड को देखते हुए अब गर्म कपड़ों की पूछ-परख तेज हो गई है। बाजार पूरी तरह से विंटर मोड में आ चुका है। नगर में पिंजारों (रुई धुनने वाले) की दुकानों पर ग्रामीणों की खासी भीड़ दिखाई दे रही है। पुरानी रजाई-गद्दों की भराई और नई रजाई बनवाने का काम जोरों पर चल रहा है। इसी तरह रेडीमेड दुकानों के व्यापारियों ने स्वेटर, जर्किन और मफलरों का नया स्टॉक सजा दिया है, जिसे खरीदने के लिए लोग पहुँच रहे हैं। ठंड की दस्तक के साथ ही मुख्य हाईवे सड़क मार्ग अस्थायी बाजार में तब्दील हो गया है। यहाँ कम कीमतों में रजाई, मफलर, जर्किन और स्वेटर की दुकानें सज गई हैं, जो विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को आकर्षित कर रही हैं। इंदौर और देवास से रजाई बेचने आए व्यापारी बताते हैं हमारा सीजन अब शुरू हो चुका है। ठंड बढ़ते ही दुकानों पर भीड़ लगने लगी है। कुछ लोग अभी भाव-ताव कर रहे हैं, तो कई लोग खरीदारी कर रहे हैं। आने वाले दिनों में अच्छी ग्राहकी की पूरी उम्मीद है। ठंड का असर शुरु होते ही नगर की होटलों पर गर्म दूध के कड़ांव लगना शुरु हो चुके हैं। वहीं नगर में हरियाणवी जलेबी भी लोगों की पसंद बनी हुई हैं। इसके अलावा मुख्य सडक पर पिंड खजूर, पेठे, गर्म चने, गजक की दुकाने भी लगना शुरु हो गई हैं।



### विहिप बजरंग दल ने मनाया शौर्य दिवस

**जागरण बुधनी।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा 6 दिसंबर शौर्य दिवस मनाया गया जिसमें सभी बजरंग दल के सदस्य एवं नगर वासी उपस्थित रहे बजरंग दल के सक्रिय कार्यकर्ताओं   ने बताया कि हमारे हिंदू धर्म में राम मंदिर के लिए कार सेवको ने अपने प्राण न्योछावर किया और हमारे हिंदुत्व के लिये तन मन धन से कार्य किया और अपने जीवन में हिन्दू धर्म के लिए सदैव तत्पर तैयार रहेइस दौरान समस्त बजरंग दल कार्यकर्ता एवं सकल हिंदू समाज उपस्थित रहाशौर्य दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।
कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लियाडॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर महाराणा प्रताप नगर बुधनी चौराहा पर शौर्य दिवस के रूप में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## शौर्य दिवस पर विहिप और बजरंग दल का शक्ति प्रदर्शन, नई इकाइयों का किया गठन

**जागरण, रमगढ़ा।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा शौर्य दिवस के अवसर पर शनिवार को पूरे जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों के दौरान संगठन की नई इकाइयों का गठन किया गया और स्थानीय युवाओं को अखाड़े के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह राजपूत ने बताया कि शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में जिलेभर में उत्साहपूर्वक कार्यक्रम संपन्न हुए। इन कार्यक्रमों को सफल बनाने में विहिप के अखाड़ा प्रमुख राहुल राजपूत, सुरेंद्र राजपूत, जयराम मालवीय, बबीता यादव, लालू यादव मालवीय, प्रखंड अध्यक्ष भानु यादव, और जिला बुधनी बजरंग दल वल उपासना प्रमुख गोलू खाती ने भूमिका निभाई। शौर्य दिवस के मौके पर माँ नर्मदा के पावन तट नीलकंठ में ग्राम इकाई का गठन किया गया। इस इकाई में अनिल केवट को संयोजक, सौरभ केवट को सह-संयोजक, और शिवम केवट को इकाई मंत्री का दायित्व सौंपा गया। इसके अतिरिक्त, जितेन्द्र पवार को वल उपासना प्रमुख बनाया गया। इकाई गठन के दौरान भगवान सिंह पवार और प्रद्युम्न पवार सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




### छात्रों ने सीखा वैज्ञानिक रहस्यों को खोलना

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** सांदीपनि विद्यालय में शनिवार को जादू नहीं, विज्ञान है विषय पर शाला-स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को वैज्ञानिक सिद्धांतों के माध्यम से तथाकथित जादुई क्रियाओं की वास्तविकता समझाना और उन्हें अंधविश्वास से दूर रहकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम प्रभारी और विज्ञान शिक्षक प्रीति चौहान ने बताया कि बच्चों ने विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से यह समझा कि कई जादुई क्रियाएँ वास्तव में विज्ञान पर आधारित होती हैं। इस दौरान विद्यार्थियों से कई रोचक प्रयोग कराए गए। जिनमें थर्माकोल को एसीटोन में डालकर उसे तुरंत घुलते हुए गायब करना, रासायनिक अभिक्रिया के द्वारा सिंदूर जैसे चमकीले रंग का निर्माण करना, फिनॉल-फ्थालीन और सोडियम हाइड्रॉक्साइड के उपयोग से कागज़ पर लिखे अदृश्य अक्षरों को प्रकट करना शामिल था। शिक्षिका प्रीति चौहान ने कहा इन प्रयोगों का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना और उन्हें तार्किक रूप से सोचने के लिए प्रोत्साहित करना है। विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र लोया ने इस पहल के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना और उन्हें अंधविश्वास से दूर रखना है। जब बच्चे विज्ञान के महत्व को समझते हैं और तार्किक दृष्टिकोण अपनाते हैं।

**1.71 लाख की ठगी का मामला दर्ज**

## लुटेरी दुल्हन : शादी के नाम पर धोखाधड़ी, पुलिस ने शुरू की जांच

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम राला में लुटेरी दुल्हन का सनसनीखेज मामला उजागर हुआ है। आधी रात को हुए हंगामे के बाद परिवार जनों ने इस पूरे मामले में उनके साथ हुई 1 लाख 71 हजार रुपए की धोखाधड़ी की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। मामला किसी संगठित गिरोह का बताया जा रहा है। पुलिस ने मामला कायम कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में  आवेदक रामबाबू गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उसके साले सचिन गुप्ता के लिए लड़की तलाश करने के दौरान उन्हें अपने परिचित राजेश मालवीय के माध्यम से कन्नौद जिला देवास निवासी अनवर का संपर्क मिला। जो शादियां कराने का काम करता है। इसके बाद अनवर ने उन्हें राधा बाई मीना उर्फ राजू बाई दीदी से मिलवाया। राधा ने उन्हें रानी नामक लड़की के बारे में बताया। जिसके कथित पति की दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी थी और जिसके माता-पिता भी नहीं थे। रानी श्यामपुर में अपने भाई कृष्णकुमार शर्मा और भाभी दिव्या के साथ रहती थी। विश्वास जमाने के लिए रानी के फोटो और आधार कार्ड भी भेजे गए। 14 नवंबर 2025 को रामबाबू, अनवर और राधा श्यामपुर गए। जहाँ रानी और दिव्या से मुलाकात हुई। रानी ने दूर से ही वीडियो कॉल पर लड़के (सचिन) और उसके घर को देखकर शादी के लिए सहमति दी। फरियादी ने पुलिस को उनके साथ हुई ठगी की घटना का ब्योरा दिया। इसके साथ ही उन्होंने शादी का सर्टिफिकेट, शपथ पत्र, शादी की तस्वीरें और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के रिकॉर्ड जैसे दस्तावेजी साक्ष्य भी प्रस्तुत किए हैं। इन साक्ष्यों के अवलोकन के बाद पुलिस ने प्रथम दृष्टया रानी उसके कथित भाई कृष्णकुमार शर्मा उर्फ मुकेश, भाभी दिव्या, बिचौलिया राधा उर्फ राजू बाई मीना दीदी, और मुख्य सूत्रधार अनवर भाई के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) (धोखाधड़ी) और 61(2) (संपत्ति के वितरण के लिए बेईमानी से प्रेरित करना) के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।




### घर से भागने की थी फिराक में

तय कार्यक्रम के अनुसार 1 दिसंबर 2025 को रामबाबू और सचिन इंदौर पहुँचे। वहाँ आदेश्वर वैदिक संस्कार विवाह सेवा समिति में सचिन और रानी की शादी कराई गई। इस शादी समारोह में रानी के कथित रिश्तेदार राधा दीदी, अनवर भाई, और रानी के भाई-भाभी मौजूद थे। यहाँ विधिवत शादी का सर्टिफिकेट और शपथ पत्र भी तैयार किए गए। जिससे पीड़ित पूरी तरह आश्वस्त हो गया। इस दौरान रानी के लिए कपड़े और सामान खरीदने के नाम पर 25,000 मांगे जिस पर 21000 रूपये नगद दिए। राधा दीदी ने फोन पर बात कर रिश्तेदार के एक्सीडेंट की इमरजेंसी बताई और इलाज के लिए 50000 की मदद मांगी। यह राशि ऑनलाइन ट्रांसफर की। शादी के बाद र 3 दिसंबर को भाभी दिव्या ने फोन करके इलाज के लिए 1 लाख की और मांग की। मदद के नाम पर 50000 और ट्रांसफर किए। 4 दिसंबर को दिव्या भाभी ने फिर से फोन किया और अब तो हम रिश्तेदार बन गए हैं कहकर 50000 लौटाने का वादा करते हुए 50000 और डालने को कहा। रामबाबू ने मानवीय आधार पर यह राशि भी ट्रांसफर कर दी। इस प्रकार, मात्र चार दिनों के भीतर उनसे कुल 1,71,000 रूपये की ठगी कर ली गई। इसके बाद 6 दिसंबर को दिव्या राला आई और पूजा-पाठ का बहाना बनाकर रानी को अपने साथ ले जाने की जिद करने लगीं। उनके साथ रानी को जबरदस्ती ले जाने के बाद रामबाबू को पूरा यकीन हो गया कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। पुलिस ने सभी आरोपियों के मोबाइल नंबरों और वित्तीय ट्रांजेक्शन के आधार पर जांच तेज कर दी है। पुलिस इस मामले को एक संगठित लुटेरी दुल्हन गिरोह का कार्य मान रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की उम्मीद है।

### धोखाधड़ी रैकेट की आशंका

इस संबंध में एसडीओपी रोशन कुमार जैन एवं थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि प्रकरण की पूरी कहानी को देखते हुए पुलिस को संदेह है कि यह एक संगठित फर्जी शादी रैकेट हो सकता है जो भोले-भाले लोगों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करता है। आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से मुलाकात, शादी का नाटक, और फिर कथित एक्सीडेंट/गरीबी का बहाना बनाकर कई किस्तों में 1,71,000 रूपये की राशि हड़पी है। रानी का अचानक अपने भाई-भाभी के साथ वापस चले जाने की जिद करना इस संदेह को और मजबूत करता है।

## एचआईवी, यौन रोगों और टीबी पर दिया गया बच्चों को परामर्श



जागरण बुधनी। विश्व एड्स दिवस जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी धनजीत बडोदिया के मार्गदर्शन में, आज पीएम श्री स्कूल बुध नी में किशोरियों के लिए एक विशेष कार्यशाला और प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यशाला आईसीटीसी काउंसलर ममता यादव किशोर-किशोरी परामर्शदाता शिक्षा नागर , और टीबी सुपरवाइजर प्रतिभा भार्गव ने छात्राओं को विस्तृत परामर्श दिया। उन्हें एचआईवी/एड्स क्या है, यह कैसे फैलता है, यौन रोग और टीबी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

छात्राओं को बताया गया कि आईसीटीसी केंद्र में एचआईवी की जाँच निशुल्क की जाती है और जानकारी को पूरी तरह गुप्त रखा जाता है।प्राचार्य ओमप्रकाश यादव और सभी शिक्षिकाओं की उपस्थिति में, बालिकाओं को टोल फ्री नंबर 1097 के साथ-साथ उमंग हेल्पलाइन नंबर 14425 की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य संदेश था जानकारी ही बचाव है।

## न्यूज कार्नर

### अज्ञात कारण के चलते युवक ने लगा ली फांसी



**सोनकच्छ।** शुक्रवार-शनिवार की मध्य रात्रि में नगर के वार्ड क्रमांक 14 में रहने वाले एक युवक ने अज्ञात कारण के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 14 में रहने वाले सावन पिता दिनेश माली उम्र 20 वर्ष ने अज्ञात कारण के चलते अपने ही घर के एक कमरे में फांसी लगा ली। अलसुबह करीब साढ़े 5 बजे युवक के दादा अंबाराम माली ने युवक को फांसी के फंदे पर लटका देखा, तो वह हक्का-बक्का रह गए थे। कुछ ही देर में घटना की जानकारी नगर में फैल गई। जिसके बाद मोहल्ले सहित माली समाज व परिजनों में शोक की लहर छा गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची व उचित कार्यवाही एवं मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया एवं घटना को जांच में लिया। बताया जाता है कि मृतक मिलनसार व्यक्तित्व का धनी होकर कामकाजी युवक था।

### बाबूलाल भावसार का निधन

**पीपलरावां।** ग्राम मुरमिया बड़ा निवासी दिलीप कुमार, अशोक कुमार भावसार के पिताजी एवं अंकित, सचिन के दादा भाजपा कार्यकर्ता बाबूलाल भावसार का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन पर रायसिंह सेंधव, अंबाराम शिंदे, प्रहलाद सिंह धाकड़, सलीम खां, विक्रम बामनिया, विष्णु शिंदे, शाकिर खां पठान, मोनू भावसार, संजू भावसार आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### डॉ. आंबेडकर पुण्यतिथि पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

**पीपलरावां।** डॉ. भीमराव आंबेडकर बाबा साहब की पुण्यतिथि पर ग्राम पीरपाड़ल्या में श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मेहरबान सिंह मालवीय, कान्हा तिलवदिया, अभिषेक अंगोरिया, अंजली मालवीय, अर्चना मालवीय आदि उपस्थित थे।

### प्रेरणा प्रोत्साहन समिति ने मनाया परिनिर्वाण दिवस

**पीपलरावां।** प्रेरणा प्रोत्साहन समिति मप्र द्वारा आयोजित सिंदल कृषि फार्म पर श्रद्धांजलि सभा एवं बाबा साहब का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में समिति संयोजक शंकर सिंदल ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में अंबाराम मालवीय, गजानंद देलमिया, कैलाश शिंदे, संदीप लिंबोदिया, इंदरसिंह झाला, ओमप्रकाश सोलंकी, नीलेश कुमार सोलंकी, दिलीप कुमार मालवीय, हरिनारायण लिंबोदिया एवं डॉ. आयुष कुमार सोलंकी उपस्थित थे।

### दत्त मंदिर बांगर में आज भंडारे का आयोजन

**देवास।** श्री दत्त मंदिर क्षेत्र बांगर में श्री दत्तात्रेय जन्मोत्सव के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 7 को प्रसिद्ध भंडारा आयोजित होगा। मंदिर व्यवस्थापक और पुजारी दत्ताप्रसाद कुलकर्णी ने बताया कि भंडारे की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जिसमें देवास, इंदौर, उज्जैन के साथ ही अन्य जगहों से श्रद्धालु आते है। पिछले साल भी करीब 50 हजार लोगों ने प्रसादी का लाभ लिया। भंडारा दोपहर 11 बजे आरती के बाद प्रारंभ होगा।

### एसआईआर कार्य ९९.९३ प्रतिशत पूर्ण

**देवास।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। एसआईआर के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण, फॉर्म का डिजिटलाइजेशन सहित अन्य कार्य कर रहे हैं। जिले में अबतक 99.93 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का कार्य हो गया है। जिसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सोनकच्छ, हाटपीपल्या और खातेगांव में प्रतिशत मतदाता गणना पत्रक डिजिटलाइजेशन कार्य पूर्ण हो गया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र देवास में 99.79 प्रतिशत, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बागली में 99.90 प्रतिशत मतदाता गणना पत्रक डिजिटलाइजेशन कार्य पूर्ण हो गया है।

# शराब ठेकेदार आत्महत्या मामले में सहायक आबकारी आयुक्त निलंबित

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लिया मामले में संज्ञान, जांच के आदेश भी दिये**

जागरण : सीहोर : शाजापुर : देवास

### क्या शराब ठेकेदार मकवाना का वीडियो खोलेगा राज?

#### पिछले दिनों शराब ठेकेदार दिनेश मकवाना ने की थी आत्महत्या

**देवास।** पिछले एक वर्ष में दो शराब ठेकेदारों द्वारा आत्महत्या की गई है। गत 10 मई को देवास के ठेकेदार जोगेंद्रसिंह भदौरिया ने आत्महत्या की थी। वहीं 8 नवंबर को देवास के ही एक अन्य शराब दिनेश पिता सत्यनारायण मकवाना निवासी ग्राम कनाड़िया ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मकवाना द्वारा की गई आत्महत्या का खुलासा तो पुलिस ने नहीं किया है, किंतु सोशल मीडिया पर एक महत्वपूर्ण जानकारी वायरल हुई है, जिसमें बताया जा रहा है कि मकवाना ने जहर खाने से पहले 45 मिनट का वीडियो बनाया था, जो अब परिजनों के पास होना बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार इस वीडियो में आबकारी विभाग के अफसरों की प्रताड़ना व सत्ताधारी दल के नेताओं द्वारा प्रताड़ित करने की बात सामने आ रही है। हालांकि अभी तक अधिकारिक तौर पर इस वीडियो की पुष्टि नहीं हुई है। गौरतलब है कि मकवाना के पास देवास जिले की डबलचौकी, चापड़ा व करनावद की शराब दुकानें थी। मकवाना के करीबी लोगों का मानना है कि इन तीनों दुकानें घाटे में चल रही थी, इसीलिए मकवाना परेशान था। इसके बाद उसने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सोशल मीडिया पर वायरल जानकारी यदि सच है और वास्तव में कोई 45 मिनट का वीडियो परिजनों के हाथ लगा है, तो उसकी जांच होना चाहिए, ताकि आत्महत्या का कारण सामने आ सके।



दैनिक जागरण ने अपने 25 नवंबर के अंक में व्यक्त की थी संभावना

**देवास।** शराब ठेकेदार दिनेश मकवाना द्वारा की गई आत्महत्या मामले में अब शासन एक्शन मोड पर आ गया है। दिनेश मकवाना का वीडियो वायरल होने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश जारी किए है। इस संबंध में मप्र शासन वाणिज्य कर विभाग उप सचिव श्रीमती वंदना शर्मा द्वारा जारी आदेश में लिखा है कि सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि जिला देवास के मदिरा ठेकेदार दिनेश मकवाना द्वारा आत्महत्या किये जाने के पूर्व एक वीडियो बनाया था। कथित वीडियो में जिले की प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त श्रीमती मंदाकिनी दीक्षित के विरुद्ध अवैध राशि की मांग का गंभीर आरोप लगाते हुए आत्महत्या करने की बात कही गई है। श्रीमती दीक्षित पर लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टयां अत्यंत गंभीर श्रेणी में होकर शासकीय सेवक के कर्तव्यों एवं दायित्वों के विपरीत होने से मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 का स्पष्ट रूप से उल्लंघन है। अतएव राज्य शसन द्वारा श्रीमती मंदाकिनी दीक्षित को मप्र सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित करता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय आबकारी आयुक्त ग्वालियर रहेगा। उल्लेखनीय है कि गत 8 नवंबर को देवास जिले में डबलचौकी, चापड़ा एवं करनावद समूह की 5 लाइसेंसी शराब दुकानों के ठेकेदार दिनेश मकवाना ने इंदौर में जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में इंदौर के कनाड़िया थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

### मृतक पक्ष और अधिकारी के आरोप-प्रत्यारोप





इस मामले में दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। जहां मृतक के परिजनों ने पुलिस को वीडियो उपलब्ध कराते हुए आबकारी अधिकारी पर वसूली करने व धमकाने का आरोप लगाया है। वहीं आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित का कहना है कि मृतक शराब ठेकेदार के परिजन उन्हें वीडियो के आधार पर ब्लैकमेल कर 2 करोड़ रुपये की डिमांड कर रहे है। इस संबंध में उन्होंने 24 नवंबर को देवास एसपी को आवेदन देने का दावा भी किया था। उधर शुक्रवार की शाम को सोशल मीडिया पर कुछ ऑडियो व वीडियो ओर वायरल हुए है, जिसमें आबकारी अधिकारी व मृतक की मां के बीच चर्चा करते हुए दिखाई दे रहे है।

### वीडियो वायरल होने के बाद आबकारी में मचा भूचाल

कनाड़िया पुलिस आत्महत्या मामले की जांच कर ही रही थी, इसीलिए मृतक शराब ठेकेदार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें उसने आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित पर हर दुकान से डेढ़ लाख रुपये की अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए आत्महत्या करने की बात कही थी। इस वीडियो के वायरल होने के बाद आबकारी विभाग में हड़कंप मच गया था। वीडियो वायरल होने के बाद जहां कनाड़िया थाना पुलिस ने वीडियो की जांच करवाने की बात कही थी। वहीं देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा था कि वीडियो को संज्ञान में लेकर जांच आगे बढ़ाई जा रही है, रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी। उधर मामला उजागर होने के बाद देवास के एक ओर शराब ठेकेदार ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि जिले में ऐसे कई ठेकेदार है, जो वर्तमान में विभाग की अवैध वसूली के शिकार है, किंतु व्यापार प्रभावित होने के चलते वे चुप्पी साधे हुए है।



## शहर कांग्रेस ने मनाई बाबा साहब की पुण्यतिथि

**देवास।** बाबा साहेब आंबेडकर इस देश के ऐसे नेता रहे हैं, जिन्होंने देश के हर वर्ग के लिए काम किया तथा उन्हें अधिकार संपन्न बनाया। उक्त विचार डॉ. आंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर शहर जिला कांग्रेस द्वारा उज्जैन तिराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात शहर अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी ने व्यक्त किए। इसी के साथ सभी को संविधान की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन सुधीर शर्मा ने किया एवं आभार रूपेश कल्याने ने माना।

## डॉ. आंबेडकर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**हाटपीपल्या।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि अम्बेडकर चौराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई। आंबेडकर प्रतिमा निर्माण समिति अध्यक्ष लीलाधर रलोती ने अपने उद्बोधन में बताया कि डॉ. आंबेडकर ने करोड़ों लोगों को इंसान बनने का अधिकार दिया। बाबा साहब एक नेता नहीं, एक युग एक क्रांति व एक अमर विचारक थे। इस अवसर पर अजाक्स तहसील अध्यक्ष परमानंद पिपलोदिया, सरपंच सुभाष मालवीय, रामलाल पेंटर, जुगल रलोती, अजीज खां, विजेंद्र रलोती, सुमेर सिंह चौहान, प्रहलाद परिहार, माणक चौहान, रोहित बामनिया, राज बामनिया, अंकित शिंदे, प्रतीक रलोती, अनिल अटाड़िया, बहादुर सिंह मालवीय, जसपाल सिंह मालवीय, जसवंतसिंह आदि उपस्थित थे।






## अयोध्या से लाए अखंड ज्योत और 11 गंगा जल कलश

### राघवेन्द्र सरकार धाम में स्थापित हुए अखंड ज्योति एवं कलश

**खातेगांव।** शनिवार को खातेगांव देवस्थान दाना बाबा से पदयात्रा राघवेंद्र सरकार मंदिर पहुंची। जहां भगवान रामलला की पावन जन्म स्थली अयोध्या से अखंड ज्योत व मां गंगा के 11 गंगाजल भरे कलश लेकर सेवा आश्रम खातेगांव के गुरुदेव शिवशंकर जी पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में भक्तों ने उनका स्वागत, सम्मान किया। इससे पूर्व नगर के प्रमुख मार्गों से पद यात्री अखंड ज्योति व गंगा जल के कलश लेकर निकले, जिनका विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया। ऐसा पहली बार देखने और सुनने को मिल रहा है कि भारत में अयोध्या दरबार से किसी मंदिर में स्थापित करने के लिए अखंड ज्योत लाई गई हो। गुरुजी जब 1992 में अयोध्या गए थे, तब रामलला टेंट में विराजित थे, उस समय उन्होंने संकल्प लिया था कि जब भगवान श्रीराम का अयोध्या में भव्य मंदिर बनेगा और खातेगांव में राघवेन्द्र सरकार मंदिर बनेगा, तब अयोध्या से अखंड ज्योत लेकर खातेगांव स्थित सेवा आश्रम राघवेंद्र सरकार के दरबार में अखंड ज्योत स्थापित करूंगा। जिसके परिप्रेक्ष्य में आज उनका सपना पूरा हुआ। आश्रम परिसर में शनिवार को सुंदरकांड, भजन संध्या एवं रात्रि जागरण का आयोजन किया गया।



## टूटे चैम्बर का जायजा लेने पहुंचे नप अध्यक्ष प्रतिनिधि

**सोनकच्छ।** शनिवार को नगर परिषद के पार्षद व अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्णपालसिंह बघेल ने वार्ड 5 में भ्रमण किया, जो दैनिक जागरण द्वारा शनिवार को प्रकाशित 'सोनकच्छ का बिमार चेंबर : मैं लाचार हूं, राहगीर सावधान रहे' शीर्षक समाचार का सीधा व सकारात्मक परिणाम था। इस समाचार ने सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट के माध्यम से उठाई गई समस्या को गंभीरता से उजागर किया था। फलस्वरुप समाचार प्रकाशन के मात्र कुछ घंटों बाद ही प्रतिनिधि बघेल ने तत्काल टूटे हुए चैम्बर के समाधान के लिए नगर पालिका अधिकारी अमरदास सेनानी एवं इंजीनियर जितेंद्र मारू को ठोस निर्देश दिए तथा वार्ड का भ्रमण भी किया। प्रतिनिधि बघेल के निर्देशों का असर तुरंत दिखाई दिया और इंजीनियर मारू ठेकेदार के साथ मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने एक-दो दिन के भीतर टूटे चैंबर की जगह एक ठोस व मजबूत नया चैंबर बनाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि बघेल के त्वरित हस्तक्षेप एवं जिम्मेदारी भरे रवैये की वार्डवासियों ने प्रशंसा की। बताया जाता है कि भ्रमण के दौरान प्रतिनिधि बघेल ने तिलक मार्ग में जीर्ण-शीर्ण पड़ी नाली के शीघ्र जीर्णोद्धार की बात कही है। साथ ही उन्होंने वार्डवासियों को यह आश्वासन भी दिया कि आने वाले दो-तीन माह में तिलक मार्ग एवं भावसार मोहल्ले में नवीन सड़कों का निर्माण भी कराया जाएगा।

### डंपर ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत



**देवास।** शनिवार को क्षिप्रा और लोहार पिपल्या के बीच एक डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। फलस्वरूप बाइक पर सवार एक महिला की मौत हो गई। दो अन्य घायल हो गए। उधर टक्कर मारने के बाद डंपर भी सड़क किनारे पलट गया। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार होकर शाहरूख, शबाना व कल्लो बी इंदौर जा रहे थे। तभी क्षिप्रा-लोहार पिपल्या के बीच एक डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी जबरदस्ती थी कि बाइक पर सवार शबाना पति शाहरूख निवासी पिंगलेश्वर उज्जैन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार शाहरूख व कल्लो बी घायल हो गए। बाइक को टक्कर मारने के बाद डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी खा गई। जिसके बाद मार्ग पर कुछ देर के बाद यातायात अवरुद्ध हो गया। बाद में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। हादसे के बाद डंपर चालक और क्लीनर मौके से फरार हो गए।

## शिशु मंदिर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन




**देवास।** देवास जिला ग्राम भारती शिक्षा समिति देवास द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मेंढकीचक द्वारा विद्यालय में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 70 से अधिक मातृशक्ति की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता पूर्व आचार्य सुशीला माहेश्वरी, मुख्य अतिथि चेतना राठौर, जसपाल सिंह सेंधव की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथि परिचय मेघा सोमानी ने दिया। दीप मंत्र एवं वंदना शीतल चौधरी एवं प्रमिला बोड़खे ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मां अहिल्या बाई, रानी लक्ष्मीबाई, जीजा बाई, रानी चेनम्मा, झलकारी बाई, पन्ना धाय की वेशभूषा में बहनों एवं मातृ शक्तियों ने प्रभावशाली प्रस्तुतियां दी और उनके जीवन से जुड़ा प्रेरक संदेश साझा किया गया। वरिष्ठ दीदी सुनीता बारस्कर द्वारा मातृशक्ति से प्रश्नोत्तरी की गई एवं सहभागियों को पुरस्कृत किया गया। संचालन मयूरी चौधरी ने किया एवं आभार निहारिका शर्मा ने माना।

### सेना से सेवानिवृत्त हवलदार राजेंद्र पटेल का स्वागत

**देवास।** भारतीय सेना से हवलदार राजेंद्र पटेल बुधवार को सेवानिवृत्त होकर अपनी जन्मभूमि ग्राम चिड़ावद लौटे, जहां उनका पूर्व सैनिकों एवं परिजनों द्वारा देवास रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों और आतिशबाज़ी के बीच उनका आगमन पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बना। रेलवे स्टेशन से एक स्वागत रैली निकाली गई, जो बस स्टैंड होते हुए माताजी की टेकरी पहुंची। यहां राजेंद्र पटेल ने माताजी के दर्शन किया। इसके बाद रैली भोपाल चौराहा पहुंची, जहां वीर छत्रपति शिवाजी महाराज को प्रणाम कर माल्यार्पण किया गया। रैली आगे बढ़ते हुए तुलजा विहार पहुंची, जहां रास्ते भर लोगों ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर सूबेदार तुलसीराम, सूबेदार हिरजी चौधरी, हवलदार दिनेश सिंह, हवलदार भरत पाटीदार, सूबेदार मनोहर सिंह, हवलदार राजमल, हवलदार बंशीधर मंडलोई, हवलदार चंद्रप्रकाश, हवलदार मनोज, हवलदार राकेश, हवलदार बद्रीलाल देतलिया, सहित कई पूर्व सैनिकों व ग्रामीण जनों ने स्वागत किया।

## स्कूल के पास से ९ पेटी अंग्रेजी शराब जब्त



**देवास।** औद्योगिक थाना पुलिस ने शुक्रवार रात को मुखबिर की सूचना पर सांदीपनि विद्यालय के पास हरियाली ढाबा के सामने बनी एक झोंपड़ी में दबिश देकर अर्जुन सोलंकी पिता कमल सोलंकी उम्र 34 साल निवासी सांवेर जिला इंदौर और जगदीश नागर पिता कैलाश नागर उम्र 40 साल निवासी भागसरा जिला देवास हाल मुकाम बालगढ़ को गिरफ्तार कर कब्जे से 9 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की है। जिसकी कीमत 32 हजार 750 रुपये बताई जा रही हैं। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। इस कार्यवाही में टीआई शशिकांत चौरसिया, एसआई राकेश चौहान, गौरव नगावत, प्रधान आरक्षक अजय बैस, आरक्षक यशपाल, अजय जाट की भूमिका रही।

## शराब खरीदने गए युवक के साथ मारपीट, प्रकरण दर्ज

**सोनकच्छ।** शुक्रवार रात बस स्टैंड स्थित शासन द्वारा अधिकृत शराब की दुकान पर शराब खरीदने गए एक युवक के साथ कुछ अज्ञात बदमाशों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी राजकुमार पिता मानसिंह चौहान उम्र 27 वर्ष निवासी रविदास मोहल्ला वार्ड क्रमांक 1 ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मैं अनाज मंडी सोनकच्छ में काम करता हूं। रात करीब 11 बजकर 15 मिनट की बात है, मैं अपने दोस्तों के साथ शराब लेने गया था। शराब के पैसे ज्यादा लेने को लेकर कलाली के कर्मचारी से हमारा विवाद हो गया था। तब उनमें से एक दुकान से बाहर आया और गाली देकर मेरे साथ मारपीट की, इसी दौरान उसके कुछ ओर साथी गाड़ी में बैठकर वहां आए और पाईप, डंडे आदि से मेरे साथ मारपीट कर मुझे घायल कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा फरियादी की रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 296(बी), 115(2), 351(3) व 3(5) का प्रकरण दर्ज किया गया।